

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 फरवरी 2024

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी के लिए वर्ष 2024 की शुरुआत क्वार और रतले जलविद्युत परियोजना में निर्णायक और महत्वपूर्ण लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ बहुत सकारात्मक रूप में हुई है । 540 मेगावाट के क्वार जलविद्युत परियोजना के बांध के निर्माण कार्यों को शुरू करने के लिए चिनाब नदी का डायवर्जन दिनांक 15 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक किया गया। इसके अतिरिक्त 800 मेगावाट के रतले जलविद्युत परियोजना के बांध कार्यों को शुरू करने के लिए चिनाब नदी का डायवर्जन दिनांक 27 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक किया गया। इन दो महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त करना वास्तव में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए किए जा रहे हमारे कठिन प्रयासों का साक्ष्य है।

एक और महत्वपूर्ण विकास 120 मेगावाट रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में हुआ है। दिनांक 17 जनवरी 2024 को परियोजना की बे संख्या-4 में एक स्पिलवे रेडियल गेट का उत्थापन पूरा किया गया और इसका परीक्षण ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी एवं परियोजनाएं) की उपस्थिति में दिनांक 20 जनवरी 2024 को एसएफटी आउटलेट के लिए इनआगरल ब्लास्ट और बाएं किनारे पर शेष दो ब्लॉकों व बांध के एचएम कार्यों को पूरा करने के लिए नदी डायवर्जन के दूसरे चरण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया।

एनएचपीसी प्रबंधन सक्रिय रूप से निर्माणाधिन परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी कर रहा है तथा इसके लिए सभी संभावित समर्थन और निर्देश दे रहा है। कार्यों की गति में तेजी लाने और विभिन्न लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में प्राप्त करने हेतु सभी प्रयास करने के लिए मैं आप सभी से अपील करता हूं। निदेशक (वित्त) और निदेशक (तकनीकी और परियोजनाएं) के साथ मैंने दिनांक 24 से 25 जनवरी 2024 तक 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया और यहाँ चल रही निर्माण गतिविधियों की समीक्षा की। विशिष्ट चुनौतियों के बावजूद कार्य की प्रगति संतोषजनक है और हम अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। परियोजना के बांध पर एचएम कार्यों में एक प्रमुख विकास के तौर पर स्पिलवे रेडियल गेट नंबर एस#9 को दिनांक 6 जनवरी 2024 को सफलतापूर्वक लिफ्ट किया गया।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि पीएसपी स्कीम्स में हमारे उद्यम काफी आगे बढ़े हैं। इस संबंध में दिनांक 03 जनवरी 2024 को कुप्पा पंप्ड स्टोरेज परियोजना (750 मेगावाट) के विकास के लिए 4,000 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश हेतु एनएचपीसी और गुजरात पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच छोटा उदयपुर, गुजरात में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

एक अन्य सकारात्मक विकास के तौर पर 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजना (जम्मू व कश्मीर) से उत्पादित होने वाली विद्युत के ऑफटेक के लिए दिनांक 03 जनवरी 2024 को आरएचपीसीएल (एनएचपीसी और जेकेएसपीडीसी का संयुक्त उद्यम) और राजस्थान ऊर्जा विकास व आईटी सर्विसेज लिमिटेड के बीच विद्युत क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

दिनांक 15 जनवरी 2024 को मुझे नए 'एनएचपीसी इंट्रानेट पोर्टल' और 'मरीज़ों के लिए मोबाइल ऐप' का उद्घाटन करने का अवसर मिला। इस प्रणाली और एप्लिकेशन्स में नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए इसे उपयोगकर्ता के लिए अनुकूल बनाया गया है।

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि दिनांक 18 जनवरी 2024 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी ने अपने करकमलों से 'आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन' की श्रेणी में एनएचपीसी को स्कोप्स का 'प्रशस्ति प्रमाणपत्र' प्रदान किया। निदेशक (कार्मिक) के साथ मैंने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में यह पुरस्कार ग्रहण किया।

**इस माह की अन्य प्रमुख विशेषताएँ हैं:**

- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर पूरे हर्षौल्लास के साथ भारत का 75वां गणतन्त्र दिवस मनाया गया।
- एनएचपीसी ने श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी की उपस्थिति में कोवलम, केरल में ग्राहक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक के दौरान राज्य/वितरण कंपनियों को एनएचपीसी की गतिविधियों और पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के अंतर्गत आगामी परियोजनाओं की स्थिति और प्रयासों से अवगत कराया गया।
- चेशायर होम इंडिया की दिल्ली यूनिट के दिव्यांगजनों को चिकित्सा देखभाल और पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और चेशायर होम इंडिया की दिल्ली यूनिट के बीच दिनांक 17 जनवरी 2024 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी ने वाइब्रेंट गुजरात ट्रेड शो 2024 में भाग लिया। इस शो में जलविद्युत क्षेत्र में कंपनी की क्षमताओं और पवन, सौर व पीएसपी में प्रवेश को एक विशेष 'ऊर्जा मंडप' में प्रदर्शित किया गया, जिससे कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों का ध्यान इसकी ओर आकर्षित हुआ।
- एनएचपीसी ने पीएससीबी के तत्वावधान में कोलकाता में डीवीसी द्वारा आयोजित इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एनएचपीसी ने महिला एकल, महिला युगल और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, पुरुष टीम स्पर्धा में रजत पदक और पुरुष एकल और महिला एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीते।
- एनएचपीसी ने दिनांक 8 जनवरी 2024 को काठमांडू, नेपाल में आयोजित आईसीसी बिम्सटेक एनर्जी फोरम में भाग लिया।
- श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) और कार्यपालक निदेशक (ईएमएस) के साथ एनएचपीसी प्रशिक्षु अभियन्ताओं के दूसरे बैच के साथ संवाद किया। इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) ने प्रशिक्षु अभियन्ताओं को कड़ी मेहनत करने और एनएचपीसी के विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।
- माह जनवरी 2024 के दौरान राजस्व संग्रह 592.31 करोड़ रुपए रहा।
- माह जनवरी 2024 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 19895.8 एमयू था।

अभी हाल ही में हमने अपना गणतंत्र दिवस मनाया है, आइए हम सभी राष्ट्र के साथ-साथ एनएचपीसी की सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का संकल्प लें। क्षमता अभिवृद्धि की अपनी कार्ययोजना के साथ एनएचपीसी देश में शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के उद्देश्य वाले हरित ऊर्जा आंदोलन की शुरुआत में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह केवल स्वयं को केंद्रित, प्रेरित, प्रतिबद्ध रखने और अपने आपको लक्ष्यों को पूरा करने के प्रयासों में लगाने से ही संभव है।

भवदीय,

राजीव विश्नोई

**(आर.के.विश्नोई)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**